Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding increasing security measures on India Bangladesh Border to stop illegal smuggling of cows , drugs etc.

श्री अर्जुन सिंह (बैरकपुर): महोदय, मैं आपको नमन करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है । मैं पहली बार सांसद बना हूं । मैं अपने संसदीय क्षेत्र से लगे हुए जिले की बात रखना चाहता हूं । अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय समस्या के बारे में मैं बोलना चाहता हूं । हिंदू धर्म में गाय प्राचीन काल से वंदनीय और पूजनीय रही है । गाय की स्मगलिंग पश्चिम बंगाल के तमाम बार्डर इलाकों में इस कदर हो रही है कि मुझे शर्म से कहना पड़ता है कि यह घिनौना काम राज्य सरकार, *'पीसी भाइपो'* की जो सरकार है, उसके माध्यम से हो रहा है । भारतवर्ष से बांग्लादेश में लाखों गायें जाती हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि हमारे बीएसएफ के जो अधिकारी हैं, यदि इसे रोकने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें मिथ्या मामले में फंसाया जाता है ।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से यही आग्रह करना चाहता हूं कि बांग्लादेश से फेक करेंसी आती है और ड्रग्स आती है । पश्चिम बंगाल के युवाओं को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है ।…(व्यवधान) वहां व्यापक रूप से फोर्स की व्यवस्था की जाए और सीसीटीवी कैमरा बार्डर पर लगाए जाएं, ताकि इस अत्याचारी शासन को खत्म किया जाए ।…(व्यवधान) ये … * समुदाय के लोग हैं, इनको खत्म किया जाए ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अर्जुन सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री मारगनी भारत ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सिर्फ श्री मारगनी भारत की बात रिकार्ड में जाएगी ।

…(व्यवधान)